दिन– मंगलवार दिनांक– 31 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार लोक सेवा आयोग की सत्तरवीं सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा दोबारा कराये जाने की मांगा को लेकर अभ्यर्थियों का विरोध प्रदर्शन जारी है। इस बीच विभिन्न संगठनों और राजनीतिक दलों ने आंदोलनकारी छात्रों के समर्थन में विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों पर लाठी चार्ज के विरोध में भाकपा–माले और कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आज राजभवन मार्च निकाला। जिसे पुलिस ने रोक दिया है। इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिल्ली से वापस लौटते ही पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह से पिछले दिनों बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन और लाठी चार्ज की घटना से जुड़ी पूरी जानकारी ली है।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज बीपीएससी अभ्यर्थियों के प्रदर्शन मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग कोई भी फैसला लेने के लिए स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि आयोग एक स्वायत इकाई है और वो छात्र हित में सही निर्मला करने के लिए सक्षम है।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बीपीएससी परीक्षा को लेकर प्रदर्शनकारी अभ्यर्थियों से बातचीत की जार रही है। उन्होंने कहा कि सरकार इस मामलें में गंभीर है और मुख्य सचिव अभ्यर्थियों के साथ लगातार बातचीत कर रहे है। श्री पांडेय ने कहा कि छात्र हितों की अनदेखी नही हो सकती है।

———————————————————————

बिहार विधान परिषद के विधानसभा कोटे की एक रिक्त सीट के लिए उपचुनाव तेईस जनवरी को होगा। चुनाव आयोग ने कहा है कि इसके लिए अधिसूचना छह जनवरी को जारी की जायेगी। नामांकन पत्र तेरह जनवरी तक दाखिल किये जा सकते हैं। आवश्यकता पड़ने पर मतदान तेईस जनवरी को होगा और उसी दिन मतों की गिनती की जायेगी। विधानसभा कोटे की यह सीट राजद के सुनील कुमार सिंह की सदस्यता समाप्त होने के कारण खाली हुई है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज राजभवन में नवनियुक्त राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मुलाकात की। इस अवसर पर निवर्तमान राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार आरिफ मोहम्मद खान दो जनवरी को औपचारिक रूप से बिहार के नये राज्यपाल के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे।

———————————————————————

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने वर्ष दो हजार चौबीस पच्चीस के लिए विलंबित और संशोधित आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि इकतीस दिसम्बर से बढ़ाकर पन्द्रह जनवरी कर दी है। इससे करदाताओं को आयकर रिटर्न दाखिल करने और संशोधित करने के लिए दो सप्ताह का अतिक्ति समय मिल गया है।

———————————————————————

सर्द पछुआ हवा के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। राजधानी पटना समेत राज्य के कई जिलों के अधिकतम तापमान में कमी आई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी की संभावना है, जिससे ठंड और ठिठुरन बढेगी। विभाग ने कहा है कि इस दौरान प्रदेश के उत्तर–पश्चिम भागों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने के आसार है।

———————————————————————

अररिया के जिलाधिकारी अनिल कुमार ने जिले में चल रही विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए आज समाहरणालय सभागार में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की।

————————————————————————

बेगूसराय के हरताली चौक पर जनसुराज पार्टी की जिला इकाई ने सत्तरवीं बीपीएससी पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।

————————————————————————

किशनगंज के पुलिस अधीक्षक सागर कुमार ने पोठिया में एक बंदी की हाजत में मौत मामले में ठाकुरगंज के एसआई और पहाड़कट्टा के थानाध्यक्ष को लाईन हाजिर किया है।

————————————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के रामनगर में किसानों ने हरिनगर सुगर फैक्ट्री प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का आरोप है कि गन्ना आपूर्ति का चालान समय पर नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है।

————————————————————————

समस्तीपुर के मगरदही घाट चौक पर अगलगी की घटना में आधा दर्जन दुकानें जलकर राख हो गई। इस घटना में लाखों की संपत्ति का नुकसान हुआ है।

————————————————————————

समापन